दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. गृह मंत्री अमित शाह आज लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा का जवाब देंगे। राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष पर चर्चा रहेगी जारी।

02. सामरिक और आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण गयाजी और मुंगेर को नागरिक सुरक्षा जिला बनाया जाएगा। राज्य कैबिनेट से मिली मंजूरी।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – राज्य के सरकारी स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** की होगी पढ़ाई।

04. और, आज विश्व मानवाधिकार दिवस है। मानवाधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

---

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर आज दूसरे दिन भी चर्चा होगी। गृह मंत्री अमित शाह चर्चा का जवाब देंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि पहले भी कांग्रेस के शासनकाल में कई बार मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण हो चुका है, लेकिन अब विपक्ष इसे लेकर सवाल उठा रहा है।

–––बाइट–––

श्री मेघवाल ने कहा कि देश में चुनाव प्रक्रिया डॉ. बी.आर आम्बेडकर द्वारा निर्धारित सिद्धांतों के अनुरूप सम्पन्न होती है। सदन के कई अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया।

राज्यसभा में आज राष्ट्रगीत वंदे मातरम के एक सौ पचासवें वर्ष पर आगे चर्चा होगी। चर्चा की शुरूआत करते हुए कल गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रगीत विकसित भारत की ओर देश की यात्रा में हमेशा प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने वंदे मातरम पर चर्चा को लेकर सवाल उठाने और इसे पश्चिम बंगाल चुनावों से जोड़ने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। गृहमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रा सेनानी अपनी प्रत्येक बैठक की शुरूआत वंदे मातरम के गान से करते थे। आज भी सीमा पर वीर सैनिक वंदे मातरम के उद्घोष के साथ सर्वोच्च बलिदान करते हैं।

–––बाइट–––

चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कांग्रेस ने वंदे मातरम को नारा बनाया।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने गयाजी और मुंगेर को नागरिक सुरक्षा जिला बनाने के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य में नागरिक सुरक्षा जिलों की संख्या बढ़कर अब तीस हो गई है। मुख्य सचिव ने बताया कि गयाजी और मुंगेर जिला प्राकृतिक तथा मानवनिर्मित आपदाओं के साथ–साथ सामरिक और आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं।

———बाइट———

इधर, राज्य सरकार ने तीन नये विभागों– युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा नागर विमानन विभाग के सृजन को मंजूरी दी है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने श्रम संसाधन विभाग का नाम बदल कर श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, कला, संस्कृति और युवा विभाग का नाम बदलकर कला और संस्कृति विभाग तथा पशु और मत्स्य संसाधन विभाग का नया नाम डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

---

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइंस को अपने शीतकालीन उड़ान परिचालन में दस प्रतिशत कमी करने का निर्देश दिया है। इंडिगो की उड़ान सेवाओं में व्यवधान और समस्या हल कर पाने में उसकी विफलता को कारण बताया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो से आज शाम पांच बजे तक संशोधित उड़ान कार्यक्रम देने को कहा है। इधर, प्रदेश में इंडिगो उड़ान संकट की वजह से कल पटना हवाई अड्डे से बाईस उड़ानें रद्द रही। आज भी कई उड़ानों के रद्द रहने की सूचना है।

---

राज्य के सरकारी स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई** की पढ़ाई होगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विभागीय समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमता के सिद्धांत और तकनीकों में दक्ष बनाने के लिए विभाग ने यह निर्णय लिया

है। श्री कुमार ने बताया कि एआई शिक्षा के अंतर्गत छात्र मशीन लर्निंग, डाटा विशलेषण और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण जैसे विषयों का अध्ययन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में एक–एक मॉडल स्कूल बनाए जायेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एसटीईटी परीक्षा का परिणाम आने के बाद ही चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

---

राज्य के अस्पतालों और क्लिनिकों में प्रदूषण का सर्वे किया जाएगा। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अनुसार अस्पतालों में मेडिकल कचरे का सही तरीके से निपटारा नहीं होने के कारण खतरनाक जीवाणु पानी में पहुंच रहे हैं। जिससे जल के प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है। पर्षद के अध्यक्ष डॉक्टर डी.के. शुक्ला ने बताया कि यह सर्वे सभी जिलों में किया जाएगा। सर्वे के बाद छह नये बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट और डिस्पोजल केंद्र बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि पर्षद में तेईस हजार सात सौ सतहत्तर अस्पताल निबंधित हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग छब्बीस हजार किलोग्राम बायो मेडिकल कचरा निकलता है।

---

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस आज मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा की याद में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इसे संपूर्ण विश्व में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए साझा मानक मानदंड के रूप में अपनाया गया है। उन्नीस सौ अड़तालीस में आज के ही दिन मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा स्वीकृत की गई थी। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम है – **सबके लिए आवश्यक जनसेवाओं की गरिमापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना।** इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इस विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन में राज्य मानवाधिकार आयोगों, राष्ट्रीय आयोगों, सरकार, नागरिक समाज और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

---

इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर प्रदेश के नागरिकों को शुभकामना और बधाई दी है। आज बिहार मानवाधिकार आयोग का सत्रहवां स्थापना दिवस भी है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा रैयतों के समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए भूमि सुधार जन कल्याण संवाद की शुरूआत करेंगे। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने बताया कि इस संवाद की शुरूआत बारह दिसम्बर को पटना से होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अगले सौ दिनों में राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया जायेगा।

---

प्रदेश में तेल मिल की स्थापना पर कृषि विभाग की ओर से तैंतीस प्रतिशत का अनुदान दिया जायेगा। विभाग के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय वेबसाइट पर पंन्द्रह दिसम्बर तक ऑन लाइन आवेदन किया जा सकता है। सहायता अनुदान के रूप में दस टन की क्षमता वाली तेल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए प्रति इकाई अधिकतम नौ लाख नब्बे हजार रूपये या प्रोजेक्ट लागत का तैंतीस प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भोजपुर जिले के बिहियां नगर के कस्तूरबा प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक पिंटू प्रसाद को हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन्हें नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में टेराकोटा हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए दिया गया है।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर जिले का सबौर लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

---

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रचारित एक वीडियो का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीता रामन एक निवेश योजना को प्रोत्साहित कर रही हैं, जिसमें हर घंटे पांच हजार रुपये देने का वादा किया गया है

और इससे छह महीने में एक करोड़ रुपये मिल सकते हैं। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि प्रचारित वीडियो जाली है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बना है। इसने यह भी कहा कि न तो वित्त मंत्री और न ही सरकार ने ऐसी किसी योजना की घोषणा की है और न ही उसका समर्थन किया है।

---

रोहतास जिले में राज्य खाद्य निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक सुधीर कुमार को रिश्वत मांगने के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। वहीं, नवादा जिले के अकबरपुर सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक कानन प्रिया को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मृतक के परिवारों को उन्हें शव वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर की गयी है।

---

औरंगाबाद जिले के बरूआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पंद्रह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पंद्रह क्विंटल तांबे का तार, तीन चार पहिया वाहन और आठ मोबाईल फोन बरामद किये हैं।

---

केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस ने संजीव मुखिया गिरोह से जुड़े एक सदस्य को पटना से गिरफ्तार किया है।

---

मधेपुरा पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले अंतराज्यीयगिरोह के छह सदस्यो को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के अड़तालीस मोबाइल, दो बाइक और सत्रह हजार नौ सौ पचास रुपये नकद भी जब्त किया गया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लोकसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा से जुड़ी खबर का शीर्षक दिया है – विपक्ष बोला– एसआईआर गलत, सरकार ने कहा – जरूरी।

दैनिक भास्कर लिखता है – सोनिया गांधी को कोर्ट का नोटिस, भारतीय नागरिक से पहले वोटर बनने का आरोप।

प्रभात खबर ने लिखा है – ग्यारह माह में पटना में बिकी एक करोड़ से अधिक की अड़तीस कारें और दस लाख से अधिक की तेरह बाईक।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है – ऑस्ट्रेलिया में सोलह से कम उम्र वालों के लिए इंटरनेट मीडिया प्रतिबंधित।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. गृह मंत्री अमित शाह आज लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा का जवाब देंगे। राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष पर चर्चा रहेगी जारी।

02. सामरिक और आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण गयाजी और मुंगेर को नागरिक सुरक्षा जिला बनाया जाएगा। राज्य कैबिनेट से मिली मंजूरी।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – राज्य के सरकारी स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** की होगी पढ़ाई।

04. और, आज विश्व मानवाधिकार दिवस है। मानवाधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।